F.Y.
September 2015

Reg. No.
Name ....ka...

203

# First Year Higher Secondary Improvement Examination

## Part - II
## HINDI

Maximum : 80 Scores

Time : 2½ Hours
Cool off time : 15 Minutes

***General Instructions to Candidates :***

- There is a 'Cool off time' of 15 minutes in addition to the writing time of 2½ hrs.
- You are neither allowed to write your answers nor to discuss anything with others during the 'cool off time'.
- Read the questions carefully before answering.
- All questions are compulsory and only internal choice is allowed.
- When you select a question, all the sub-questions must be answered from the same question itself.
- Electronic devices except nonprogrammable calculators are not allowed in the Examination Hall.

**सूचना :** निम्नलिखित कवितांश पढ़िये और 1 से 4 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

अरे आ गई है भूली-सी
यह मधुऋतु दो दिन को,
छोटी-सी कुटिया मैं रच दूँ,
नई व्यथा साथिन को!
वसुधा नीचे ऊपर नभ हो,
नीड़ अलग सबसे हो,
झाड़खंड के चिर पतझड़ में
भागो सूखे तिनको!

1. यह कवितांश किस कविता से लिया गया है? (1)
2. कविता के 'नभ' शब्द का समानार्थी शब्द कोष्ठक से चुनकर लिखिए । (1)
(आकाश, नीड़, भूमि, पतझड़)
3. वसंत के आगमन पर सूखे तिनकों को क्या करना है? (2)
4. कवितांश की आस्वादन टिप्पणी लिखिए । (6)

**सूचना :** निम्नलिखित खंड पढ़िये और 5 से 10 तक के प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

सड़क के किनारे बनी मज़दूर-बस्ती में वह अपने टूटे-फूटे झोंपड़े में बच्चों को बहला रही थी । भोजन के नाम पर बर्तन में चावल के चंद दाने थे । सोचती थी, बातों-बातों में परोसे गए चावल उनका पेट भरने में कामयाब हो जाएँगे । इतने में बड़ा बेटा बोला, ''माँ, क्या पुनर्जन्म भी होता है?''

वह बोली, ''हाँ बेटा, सुना तो है, क्यों?''

बेटा बोला, ''फिर तो मैं भगवान से प्रार्थना करूँगा कि अगले जन्म में मुझे इंसान नहीं, सामनेवाले बंगले का कुत्ता बना दें । पता है माँ, वह कुत्ता रोज दूध-बिस्कुट, अंड़े-ब्रेड-मांस खाता है । रोज महँगे शैम्पू से नहाता है और कार में भी घुमता है । और तो और बीमार पड़ जाने पर डाक्टर उसे खुद देखने आता है । कुत्ता होकर कैसी ठाठ की जिंदगी है ना उसकी?''

(बस्ती - colony, झोंपड़ा - hut, बहलाना - आश्वासन देना, चंद - कुछ, कामयाब - successful, परोसना - to supply, ठाठ - आडंबर)

5. भोजन के नाम बर्तन में क्या थे? (1)
6. सड़क के किनारे बनी मज़दूर-बस्ती में माँ क्या कर रही थी? (1)
7. बड़ा बेटा भगवान से कौनसी प्रार्थना करेगा? (2)
8. मान लिजिये, बेटे की बात सुनकर माँ अपने गरीबी के बारे में सोच उठी । इसपर शाम को माँ अपने पति से बातें करती हैं । दोनों के बीच का वार्तालाप लिखिए । (7)
9. खंड का संक्षेपण कीजिए । (6)
10. संक्षेपण के लिए उचित शीर्षक लिखिए । (1)

**सूचना :** निम्नलिखित 11 से 16 तक के प्रश्नों का कोष्ठक में से उचित हिंदी शब्द चुनकर मिलान कीजिए। (6)

(संचिका, गोपनीयता, खोज, बातचीत, ईक्षण, संकेत, साझा करे)

11. Chats
12. Editing
13. File
14. Search
15. Symbol
16. Privacy

**सूचना :** निम्नलिखित दोहा पढ़िये और 17 एवं 18 के उत्तर लिखिए ।

कामी क्रोधी लालची, इनते भक्ति न होय ।
भक्ति करै कोई सुरमा, जाति बरन कुल होय ।।

17. 'वर्ण' शब्द का समानार्थी शब्द दोहे से ढूँढकर लिखिए । (1)
18. इस दोहे का भावार्थ लिखिए । (4)

19. निम्नलिखित अंग्रेजी बातचीत का हिंदी में अनुवाद कीजिए ।

Vineeth : Hello Suresh, How are you?

Suresh : I am fine.

Vineeth : Yesterday, I saw your brother at hospital. What was the matter?

Suresh : My father was admitted there.

Vineeth : What happened to him?

Suresh : He had severe fever, now he is okay.

(was admitted – प्रवेश किया गया, Severe fever – कठिन बुखार) **(6)**

**सूचना :** जुलूस नाट्यरुपांतर के दीनदयाल का निम्नलिखित कथन पढ़िये और प्रश्न **20** का उत्तर लिखिए।

दीनदयाल : जुलूस निकालने से स्वराज मिल जाता तो कब का मिल गया होता ।
: जुलूस के चौरास्ते पर पहुँचते ही हंटर लेकर बिल पड़ेगा ।
: दुकान बंद कर मैं भी तुम्हारे साथ चलता हूँ मैकू!

20. इन कथन के आधार पर दीनदयाल के चरित्र पर टिप्पणी लिखिए । **(4)**

21. कमला प्रकाशन की ओर से हिंदी-अंग्रेजी का नया शब्दकोश प्रकाशित होनेवाला है । उसके लिए निम्नलिखित सहायक बिंदु के आधार से एक विज्ञापन तैयार कीजिए ।

**सहायक बिंदु :**

- 12000 से ज्यादा शब्द
- उदाहरणसहित व्याख्या
- प्रकाशन पूर्व बुकिंग पर 25% की छूट **(7)**

**सूचना :** निम्नलिखित **22** से **26** तक के प्रश्नों में से **किन्हीं तीन प्रश्नों का** उत्तर लिखिए ।

22. निम्नलिखित सहायक बिंदु के आधार पर किसी मनपसंद फिल्म की समीक्षा लिखिए ।

**सहायक बिंदु :**

- फिल्म का कथासार
- पात्रों का अभिनय
- निदेशक की भूमिका
- पटकथा, संवाद, छायांकन, संपादन, गीत आदि
- फिल्म की समग्रता पर अपना दृष्टिकोण **(8)**

23. आज हम देख रहे हैं कि व्यक्ति अपना घर साफ करता है और वह गंदगी सड़क या बाहर फेंकता है । इस प्रसंग में 'स्वच्छ और साफ वातावरण की सृष्टि समाज के लिए अनिवार्य है' – इस विषय पर निम्नलिखित सहायक बिंदु के आधार से संपादकीय तैयार कीजिए ।

**सहायक बिंदु :**

- सफाई का महत्व
- स्वच्छता की शुरुआत घर से
- गंदगी से हानियाँ
- अनेक प्रकार की बीमारियाँ
- वातावरण को साफ रखना नागरिक का कर्तव्य
- सख्त नियमों का पालन
- जागरण कार्यक्रम (8)

24. निम्न सुर्खियाँ पढ़िए ।

| सुरक्षा की कमी : रेल-गाड़ी में स्त्री पर आक्रमण |
|---|

| रेल-यात्रा में स्त्रियों की सुरक्षा पर अधिक जोर देना है : सुप्रीम कोर्ट | स्त्रियों की सुरक्षा के लिए रेलगाडी में ज्यादा पुलीस की नियुक्ति की जाएगी : रेल मंत्री |
|---|---|

आजकल रेल-गाडी में स्त्रियों पर आक्रमण बढ़ रहा है । इसे रोकने के लिए भारतीय रेल मंत्रालय द्वारा की जानेवाली कारवाईयों की जानकारी पाने के लिए राकेश कुमार, मयूर विहार, नई दिल्ली की ओर से सार्वजनिक सूचना अधिकारी, रेल मंत्रालय, नई दिल्ली के नाम सूचना अधिकार पत्र तैयार कीजिए । (8)

25. 'मिट्टी के तेल की ढ़िबरी के प्रकाश में देखा वह दृश्य उनकी आँखों के सामने से न हटता था' उस दिन की दिलीप की डायरी निम्नलिखित सहायक बिंदु के आधार से लिखिये ।

**सहायक बिंदु :**

- बच्चे से भेंट
- माँ की परेशानी
- माँ-बेटे का प्यार
- असली दुख की पहचान और तुलना (8)

26. मान लिजिये, आनंद की फूलझड़ियाँ इस निबंध का लेखक आत्मकथा लिखता है । आत्मकथा में टिकट बाबू के प्रसंग का उल्लेख है । निम्नलिखित सहायक बिंदु के आधार पर वह आत्मकथांश तैयार कीजिए ।

**सहायक बिंदु :**

- लेखक का मुंबई जाना ।
- टिकट काऊंटर के पास भीड़ लगना ।
- टिकट बाबू का परेशान होना ।
- लेखक द्वारा टिकट बाबू के प्रति सहानुभूति प्रकट करना । (8)